N.5: RRCAT family wishes happy and healthy life on superannuation

Shri Jeewan Kumar Mittal worked as head of the Laser Systems Engineering Division (LSED) and Chemical & Excimer Section (CELS) since April 2007. He received Master degree in science from the Punjab University, Chandigarh. He joined BARC after passing out from 17th batch of BARC training school in 1974 and he worked in Multi Disciplinary Research Section (MDRS) at BARC. In 1986, he joined laser program of RRCAT and carried out pioneering work in the design and development of Copper vapour laser. He guided development of excimer lasers, copper vapour lasers and tunable dye lasers.

In May 2009, Shri. J. K. Mittal was given extension for 2 years to serve the department. He served various departmental committees, in addition to his duties as the head of the division. He laid down his office on 31st May 2011.

N.6: राजा रामन्ना प्रगत प्रौद्योगिकी केन्द्र द्वारा जनवरी 2011 से आयोजित हिन्दी की विभिन्न गतिविधियाँ

राजा रामन्ना प्रगत प्रौद्योगिकी केन्द्र, इन्दौर में राजभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार के क्षेत्र में किए गए कार्यों तथा प्रमुख उपलब्धियों का ब्यौरा निम्नानुसार है: -

आरआरकेट की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की ओर से विश्व हिन्दी दिवस एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन सोमवार 10 जनवरी , 2011 को अपरा 3.00 बजे आरआरकेट के मुख्य सभागृह में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि तथा वार्ताकार के रूप में डा. पी. के. सिंह, प्रोफेसर, भारतीय प्रबंधन संस्थान, इन्दौर थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डा. पी.डी. गुप्ता, निदेशक आरआरकेट ने की। प्रमुख वार्ताकार के रूप में प्रोफेसर सिंह ने देश की प्रगति में हिन्दी की भूमिका विषय पर वार्ता प्रस्तुत की। हिन्दी दिवस पर आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया। इसके साथ ही केन्द्र की राजभाषा कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष एवं मुख्य प्रशासनिक अधिकारी डा. आर.पी. आचार्य तथा संयुक्त नियंत्रक (वित्त एवं लेखा) श्रीमती रेखा रायकर कुमार ने अपने-अपने विचार रखे।

केन्द्र के कॉलोनी स्थित कम्युनिटी सेंटर में होली की पूर्व संध्या पर दिनांक 17.03.2011 को हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें केन्द्र के कवियों के अलावा इन्दौर के प्रसिद्ध 3 कवियों ने अपनी उच्च स्तरीय रचनाओं से उपस्थित महानुभावों को गदगद कर दिया।

केन्द्र के अवर श्रेणी लिपिकों, नर्सों फोर्क लिफ्ट, ऑपरेटर और क्रय लिपिक / भंडार लिपिकों, कनिष्ठ क्रय सहायक/कनिष्ठ भंडारियों के लिए एक पूर्ण दिवसीय हिन्दी कार्यशाला का आयोजन दिनांक 11.02.2011 को प्रशासन भवन स्थित प्रशिक्षण कक्ष में किया गया, जिसमें संघ की राजभाषा नीति, दैनंदिन कामकाज में संचार की भूमिका, सरकारी विभाग में वित्तीय नियम तथा जीवन में साधारण स्वास्थ्य की भूमिका विषयों पर रोचक और ज्ञानवर्धक व्याख्यान आयोजित किए गए। इसमें कुल 19 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इसके अलावा दिनांक 18/4/2011 को फार्मासिस्ट, वैज्ञानिक सहायकों और तकनीशियनों के लिए एक पूर्ण दिवसीय हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 21 प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया गया। इसमें संघ की राजभाषा नीति, मानव संसाधन विकास कार्यक्रम, यूनिकोड के माध्यम से हिन्दी में कार्य, हिन्दी के प्रचार प्रसार में आने वाली कठिनाइयां तथा वित्तीय प्रबंधन की आवश्यकताएं विषयों पर व्याख्यान आयोजित किए गए।

केन्द्र के मुख्य सभागृह में दिनांक 25 मार्च 2011 को हिन्दी वैज्ञानिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी के मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता डा. एल.एम. कुकरेजा, प्रमुख, एलएमपीडी, आरआरकेट तथा श्रीमती गीतिका खरे, वैज्ञानिक अधिकारी/एफ, कम्प्यूटर केन्द्र थे। उन्होंने क्रमश: आध्यात्म और विज्ञान तथा ई-गवर्नेंस विषय पर व्याख्यान दिए, जो काफी ज्ञानवर्धक रहे। संगोष्ठी में केन्द्र के लगभग 250 अधिकारियों/कर्मचारियों ने भाग लिया।

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास), इन्दौर की दिनांक 29 अप्रैल 2011 को पत्र सूचना कार्यालय के मीडिया सेंटर में डा. पी.डी. गुप्ता, निदेशक, आरआरकेट एवं अध्यक्ष, नराकास की अध्यक्षता में आयोजित 53 वीं बैठक के दौरान केन्द्र की गृह पत्रिका प्रगति के 23 वें अंक का विमोचन श्री जोगिन्दर सिंह, माननीय न्यायिक सदस्य, आयकर अपीलीय अधिकरण,इन्दौर द्वारा किया गया। केन्द्र की गृह पत्रिका प्रगति के 22 वें अंक को सर्वश्रेष्ठ गृह पत्रिका का चतुर्थ राजभाषा शील्ड पुरस्कार नराकास द्वारा प्रदान किया गया, जिसे आरआरकेट के निदेशक, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी-III, उप निदेशक (राजभाषा) तथा वरिष्ठ व कनिष्ठ हिन्दी अनुवादक द्वारा सामूहिक रूप से प्राप्त किया गया। नराकास की दिनांक 29 अप्रैल 2011 को आयोजित 53 वीं बैठक में ''दिशा'' के 6 वें अंक विमोचन अध्यक्ष डा. पी.डी. गुप्ता, निदेशक, आरआरकेट द्वारा किया गया।

प्रस्तुति : जय नारायण सोनी, सहायक निदेशक (राजभाषा)
(jnsoni@rrcat.gov.in)